हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

11 सुदामा चरित्र सुन भाव-विभोर हुए श्रोता



12 सिहावा मार्ग के गड्ढों से राहगीर हो रहे परेशान





कामप्टेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें
प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

## खबर संक्षेप

### रसोईया संघ की हड़ताल आज से

**नगरी।** छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ के आह्वान पर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 से 30 जुलाई तक गांधी मैदान धमतरी में बाइक रैली व धरना प्रदर्शन काआयोजन किया गया है जिसमें नगरी, कुरूद, मगरलोड, धमतरी के सभी रसोईये शामिल होंगे। चुनावी घोषणापत्र में 50 प्रतिशत मानदेय देने, अंशकालीन को पूर्णकालीन करते हुए रसोईयों को कलेक्टर दर पर मानदेय देने, स्कूल से छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोईयों को काम से निकालना बंद करें।

### मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण आज से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग प्रशिक्षण 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके लिए जिले के ऐसे ग्रामीण युवा, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो और वे स्वरोजगार के इच्छुक हैं, से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क और आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर की तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

### कूप कटाई की राशि दिलाने की मांग

**कुकरेल(धमतरी)।** वन विभाग में कूप कटाई का कार्य प्रति वर्ष किया जाता है। इसी तारतम्य में धमतरी वन मंडल के केरेगाव के कूप नंबर 07 के कक्ष क्रमांक 177 में ग्राम सलोनी लीलर तथा भंवरमरा के दर्जनों महिला व पुरूष मजदूरों ने गर्मी के दिनों में लकड़ी की कटाई की थी। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी मजदूरी नहीं मिल पाई है। मजदूरों का कहना है कि क्षेत्रीय अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। मजदूरों ने अब जनदर्शन का सहारा लेने की बात कही है। मजदूर संघ के मनक निषाद, कैलाश कुंजाम, मानसिंग, लोमन, कुलेश, सोमन, राही कुंजाम, अशोक पडौटी, लक्ष्मी नागेश, सतरूपा, अहिल्या, भूपेन्द्र, संजू, खोमलाल, लीलू, रामचंद, अरविंद ने वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों से कूप कटाई की राशि तत्काल दिलाने की मांग की है।

गंगरेल जलाशय में 63 फीसदी जलभराव

# गंगरेल के मिनी गोवा में फर्राटे भर रही वाटर बाइक, मोटर बोट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश थमने के साथ गंगरेल पर्यटन रविवार को गुलजार रहा। यहां के मिनी गोवा में वाटर स्पोर्ट्स के लिए विभिन्न जिलों से सैलानी पहुंचे। इधर कैचमेंट एरिया में बारिश होने से गंगरेल बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। रविवार को गंगरेल बांध में 63 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है।

वाटर स्पोर्ट्स के प्रभारी असकंध सिंह, मुकेश कुमार ने बताया कि मिनी गोवा में वाटर एक्टीविटिज के लिए रायपुर, भिलाई, बालोद, महासमुंद, बलौदाबाजार आदि जिलों से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे थे। रविवार को करीब 4 हजार पर्यटकों ने गंगरेल पर्यटन का लुत्फ उठाया। सावन के पवित्र माह में मां अंगारमोती के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। आदिशक्ति मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि सावन माह में विशेष मन्नत पूजा पर ब्रेक लग जाता है। माता दर्शन, सामान्य पूजा पाठ के लिए बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंच रहे हैं। दर्शन के लिए पुरूष, महिला बच्चों की लंबी कतार लग रही है।



### बांधों के जलस्तर में वृद्धि

सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को गंगरेल बांध में ग्रास लेवल पर 22.097 तथा लाइव केपेसिटी में 17.026 टीएमसी जलभराव दर्ज किया गया है। बांध में 63 प्रतिशत जलभराव हो गया है। पानी की आवक सुबह 11797 क्यूसेक हो रही थी। महानदी परियोजना के माड़मसिल्ली बांध में 36 प्रतिशत, दुधावा बांध में 27 प्रतिशत तथा सोंढूर बांध में 33 प्रतिशत पानी जमा हो गया है।

### प्रदेश के एक दो स्थानों में भारी वर्षा की संभावना

मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के अनेक स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। प्रदेश के एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने से मेघगर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है। सिनोप्टिक सिस्टम में उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश और इसके आसपास के क्षेत्र में सुस्पष्ट निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। यह अगले 12 घंटे में कम दबाव के क्षेत्र में कमजोर होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका बीकानेर, कोंटा, दक्षिण पूर्व की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी तक गुजरी हुई है।

# कांदरी नृत्य किस जनजाति से है ?

- आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के सवालों में उलझे अभ्यर्थी 1997 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के कई सवालों ने परीक्षार्थियों के कान खड़े कर दिए। वहीं छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान के सरल प्रश्नों ने खूब छकाया। 100 नंबर के 100 प्रश्नों वाले प्रश्नों में धमतरी जिले से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए, जिसमें छत्तीसगढ़ का धमतरी जिला कबीरधाम जिले की तुलना में अधिक वर्षा प्राप्त करता है। महादी से जुड़ा मां अभियान का प्रश्न रहा।

रविवार को व्यावसायिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 41 केन्द्र बनाए गए थे। कुल 10751 परीक्षार्थियों में से 8754 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 1997 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक आयोजित परीक्षा में अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटा पूर्व केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य था। नकल को रोकने नियमों में सख्ती बरती गई। हल्के रंग वाली आधी बांह की शर्ट, फुटवियर में चप्पल, कान का आभूषण, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ, पर्स, छड़ी, मोबाइल फोन अन्य संचार उपकरण परीक्षा केन्द्र में लाना वर्जित रहा।

शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हाईस्कूल में परीक्षा देने पहुंचे मगरलोड निवासी नेमसिंह ने बताया कि परीक्षा में सभी सवाल सामान्य थे। वह परीक्षा के लिए फुल शर्ट पहनकर आया था। फुल शर्ट को मना करने पर वह पास के दर्जी के पास जाकर फुल शर्ट को हाफ शर्ट बनाया। लड़ेर निवासी तामेश्वर ने बताया कि कई प्रश्न चौंकाने वाले थे। प्रश्न पत्र 4 सेट में था। सामान्य अध्ययन, छग का सामान्य ज्ञान, गणित, अंग्रेजी तथा तार्किक ज्ञान के अलग-अलग 100 प्रश्न थे। सभी एक-एक नंबर के थे। 4 प्रश्न का उत्तर गलत देने पर 1 नंबर कटेगा।

कुरूद के परीक्षा केन्द्र में पहुंचे अभ्यर्थी दीपांशु देवांगन ने बताया कि उन्हें जूता उतारकर परीक्षा देनी पड़ी। वहीं कई फुल बांह शर्ट वाले परीक्षार्थियों ने बनियान पहनकर परीक्षा दिलाई। उन्होंने बताया कि छग से संबंधित सामान्य ज्ञान में छग मैदान की आकृति कैसी है। तीज पर्व कब मनाया जाता है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में छग का नेतृत्व किसने किया था। कांदरी नृत्य किस जनजाति से है। मच्छर ल छत्तीसगढ़ी में का कथे आदि प्रश्न पूछे गए थे।

# घायल मजदूर की महीने भर बाद मौत

**धमतरी।** राइस मिल में चावल की छल्ली धंसने से नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय आमापारा बनियातालाब निवासी रामेश्वर यादव पिता अंजीर उम्र 60 वर्ष हमाली का काम करता था। बीते माह 26 जून को रामेश्वर तीन साथी मजदूरों के साथ ग्राम हरफतराई स्थित राइस मिल में चावल की बोरियों को ऊपर चढ़ाने का काम कर रहा था। इसी दौरान चावल की छल्ली धंस गई जिससे चावल की बोरियां रामेश्वर सहित अन्य मजदूरों पर गिर गई। घटना में घायल रामेश्वर सहित अन्य मजदूरों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से रिफर करने पर घायल मजदूर को रायपुर के अग्रवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से घायल को वापस धमतरी लाकर नंदा अस्पताल में भर्ती किया गया। 14 जुलाई को घायल को जिला अस्पताल में एडमिट किया गया था। इलाज के दौरान घायल मजदूर की रविवार की सुबह मौत हो गई।



## परीक्षा या प्रताड़ना एनएसयूआई ने उठाए सवाल

**धमतरी।** प्रदेश व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में धमतरी जिले में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए, जिसमें 8754 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि लगभग 1997 छात्र परीक्षा से वंचित रह गए। एनएसयूआई ने बताया कि परीक्षार्थियों को डार्क कलर के कपड़े पहनने पर परीक्षा से बाहर कर दिया गया, कान में बाली या झुमका पहने होने पर अंदर नहीं जाने दिया गया, जूते पहनने पर रोका गया और विवाहित छात्राओं से मंगलसूत्र तक उतरवा लिया गया। यह रवैया न केवल अमानवीय है बल्कि छात्राओं के आत्मसम्मान और गरिमा पर हमला है। एनएसयूआई ने मांग की है कि परीक्षा केंद्रों में छात्रों के साथ हुए दुर्व्यवहार की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। परीक्षा से वंचित छात्रों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित हो। आगे कहा कि एनएसयूआई युवाओं के हक के लिए लड़ती रहेगी।

# द्वादश ज्योर्तिलिंग का 51 लीटर दूध से हुआ अभिषेक

- रूद्री पॉलीटेक्निक कालेज परिसर स्थित हनुमान मंदिर में हुआ रूद्राभिषेक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पॉलीटेक्निक कालेज रूद्री परिसर स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में द्वादश ज्योर्तिलिंग का 51 लीटर दूध से अभिषेक किया गया। अभिषेक 2.30 घंटे चला। पुरोहित पं.पंकज द्विवेदी एवं अन्य पंडितों ने सामूहिक रूप से विधिविधान से पूजा संपन्न कराई। द्वादश ज्योर्तिलिंग का प्रतीक प्राकृतिक मिट्टी से बनाया गया था।

कार्यक्रम का आयोजक दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर समिति एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर इकाई था। यजमान के रूप में संदीप सिंह, मोहित साहू, जयप्रकाश डड़सेना, केके साहू, डा.चंद्रशेकर चौबे, डा. श्रीदेवी चौबे पूर्व प्राचार्य थे। रूद्राभिषेक कार्यक्रम में मोहित साहू, राकेश यादव, ऋषिकांत सिन्हा, मनोहर देवांगन, शैलेष चंद्राकर, विशाल ब्रम्हे, मनोज साहू, उमेश साहू, राकेश जाधव, जयप्रतापसिंह सहित संघ परिवार एवं रूद्री, धमतरी के सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। यह जानकारी नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट ने दी है।





# हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से किचन का बजट बढ़ा

- इतवारी बाजार अपडेट : गोभी, मुनगा, पालक, सेमी 80 रूपये किलो बिका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सब्जी बाजारों में आपूर्ति कम होने से हरी सब्जियों के दाम एकाएक बढ़ गए हैं। रेट बढ़ने से जहां ग्राहक परेशान हैं वहीं माल का उठाव नहीं होने से व्यवसायी पसोपेश में हैं। सब्जी विक्रेता हिरोंदा बाई निषाद, फिरंतीन सोनकर ने बताया कि हरी सब्जियों की आवक बारिश की वजह से घट गई है। थोक बाजार में दाम दोगुने हो गए हैं। कुछ सब्जियां 100 रूपये पार करने लगी हैं। 20-30 रूपये मिलने वाली सब्जियों के दाम 60-80 रूपये प्रतिकिलो हो गए हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि रविवार को खेखसी 200 रूपये किलो बिकी। हरा धनिया व मिर्च 100 रूपये किलो रही। गोभी, मुनगा, ढेंस, शिमला मिर्च, सेमी, पालक भाजी, बिंस 80 रूपये किलो बिका। बरबटी, ग्वारफल्ली, परवल 60 रूपये किलो रहा। कुंदरू, टमाटर, कटहल व लालभाजी 50 रूपये किलो बिकी। भटा, गाजर, भिंडी, तोराई, कोचई 40 रूपए में बिका। करेला, कुम्हड़ा, केला, पत्ता गोभी, डोड़का व मूली 30 रूपये किलो बिकी। लौकी 20 रूपये किलो रही।



### आलू-प्याज दो माह से 25 रुपए पर स्थिर

आलू प्याज पिछले दो माह से 25 रूपये किलो बिक रहा है। सूखे सामानों के रेट स्थिर उपभोक्ताओं में राहत है। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी ने बताया कि रविवार को शक्कर 45, गुड़ 55, हल्दी 180-250, मिर्च 170-250, धनिया 100-120, जीरा 260-300, काली मिर्च 850, लहसुन 100-120, तेल रिफाइंड पाउच 125, सरसों 75, मेथी 80, राहर दाल 80-110, मूंगदाल 100, उड़द दाल 85, मसूर दाल 85, चना देशी 70, काबुली चना 100-120, मटर सफेद 60, मटर हरा 110, चनादाल 85, पोहा 48, मसूर खड़ा 80 रूपये रहा। अंडा 70 रूपये दर्जन बिका।

# पिकअप की ठोकर से बाइक सवार दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर

- ग्राम तुमड़ीबहार की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बाइक से वापस लौट रहे युवकों को तेज रफ्तार छोटा हाथी पिकअप ने ठोकर मार दी। घटना में दोनों युवक घायल हो गए। एक युवक को गंभीर चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार मेचका थाना क्षेत्र के ग्राम तुमड़ीबहार निवासी राकेश मंडावी पिता मनोज 30 वर्ष शनिवार को गांव के अपने साथी खिलेश ध्रुव पिता पंचूलाल उम्र 30 वर्ष के साथ बाइक में सवार होकर घूमने के लिए ग्राम बेलरगांव गया था जहां से शाम को दोनों युवक बाइक से वापस अपने घर ग्राम तुमड़ीबहार लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को सामने से ठोकर मार दी। इस घटना में दोनों युवक बाइक सहित दूर फेंका गए। पिकअप की ठोकर से दोनों युवक घायल हो गए। घटना में राकेश को गंभीर चोट आई है। वहीं खिलेश के पैर में चोट लगी है। घायलों को उपचार के लिए नगरी अस्पताल लाया गया। जहां घायल खिलेश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं घायल राकेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टर ने उसे धमतरी रेफर कर दिया। संजीवनी 108 की मदद से घायल राकेश को रात्रि में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।



## पुलिस ने तीन आरोपी को किया गिरफ्तार, सभी कोंडागांव जिले के रहने वाले

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, चोरी की 17 बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बैंक व अस्पतालों के आसपास खड़ी मोटरसाइकिल की चोरी करने वाले अंतर्जिला बाइक चोर गिरोह का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की 17 बाइक जब्त की है। जिले व आसपास के क्षेत्र से बाइक चोरी की घटनाओं की लगातार शिकायत आ रही थी। बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एसपी के निर्देशन में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने जिले में सक्रिय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करने में सफलता पाई है। अभियान के दौरान पुलिस कोतवाली थाना में दर्ज उत्तम तिवारी की बाइक सीजी 05 एक्स 8420 एयू बैंक के सामने से चोरी की शिकायत पर विवेचना शुरु की। इस दौरान तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर पूछताछ की। उक्त व्यक्ति ने पूछताछ में बाइक की चोरी करना स्वीकार किया। इसी के साथ पुलिस अंतर्जिला चोर गिरोह तक पहुंच गई। तीन आरोपी कश्यप पटेल पिता फागूराम 54 वर्ष ग्राम अडेगा थाना केशकाल, बिल्लू कोर्राम पिता मन साय उम्र 29 वर्ष ग्राम छिंदपारा थाना माकड़ी व गणेश भारद्वाज पिता गुहाराम 57 वर्ष ग्राम जरनडीह थाना केशकाल निवासी को पकड़ उसके कब्जे से 17 नग बाइक कीमत 4 लाख रुपए बरामद की। आरोपियों के कब्जे से चोरी की संपत्ति बरामद होने तथा आरोप सिद्ध होने पर कोतवाली थाना में उसके खिलाफ धारा 303/2, 317/2, 3/5 बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में चोरी की संपत्ति बेचने वाले भी शामिल हैं। गिरफ्तार तीनों आरोपी कोंडागांव जिले के रहने वाले हैं।





### मुख्य आरोपी ने स्वीकार किया अपराध

गिरोह के मुख्य आरोपी कश्यप पटेल ने पूछताछ में धमतरी सहित अन्य जिलों से मोटर साइकिल की चोरी करना स्वीकार किया। मुख्य आरोपी के बताए अनुसार पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में चोरी की कुल 17 बाइक बरामद की गई। जिसमें एचएफ डीलक्स 13, स्पलेंडर 2, टीकेएस स्पोर्टस 1, 1 पैशन प्रो शामिल है। चोरी की गाड़ियों को आरोपी ने बिल्लू कोर्राम व गणेश भारद्वाज को बेचाना बताया।

### इन स्थानों पर हुई थी बाइक की चोरी

चोर ने धमतरी के टिकरापारा स्थित एयू बैंक के सामने, श्रीराम अस्पताल के पास, चटर्जी अस्पताल के पास व अंगारमोती मंदिर परिसर से कुल 4 मोटर साइकहल सहित कांकेर के चारामा बाजार से 7 बाइक, लखनपुरी से 1 बाइक व कोरर से 2 बाइक की चोरी की थी।

## सांकरा में खराब स्ट्रीट लाइट सुधारी गई

**नगरी।** ग्राम पंचायत सांकरा के हर वार्ड के गली मुहल्लों के बिजली पोल की खराब लाइट को दुरुस्त कर आम जनता को अंधेरे से निजात दिलाई जा रही है। सरपंच ग्राम पंचायत नागेन्द्र बोरझा ने बताया कि बारिश से अधिकांश गली मुहल्लों के बिजली पोल में लगी लाइट खराब हो चुकी है, जिससे लोगों को रात्रि में अंधेरे से गुजरना पड़ता है। खराब लाइट को दुरूस्त किया जा रहा है। अब हर गली-मोहल्ले में रोशनी होगी और लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। गली मुहल्लों की लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करते वार्ड पंच मनोज पटेल, लवकुमार साहू, पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### माओवादियों ने शहीद स्मृति सप्ताह के बैनर लगाए

**पखांजुर।** कापसी के पीव्ही 56 क्षेत्र में नक्सलियों ने 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीद स्मृति सप्ताह मनाए जाने का आव्हान करते हुए बैनर और पोस्टर लगाए हैं। इन पोस्टरों में लोगों से क्रांतिकारी उत्साह के साथ इस सप्ताह में शामिल होने की अव्हान किया गया है। पखांजुर थाना प्रभारी लक्ष्मण केंवट ने बताया कि पुलिस को जैसे ही इन बैनरों और पोस्टरों की जानकारी मिली उन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया। पुलिस प्रशासन ने इस पर कड़ी नजर बनाए हुए है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्क है।

### पिछड़ा वर्ग बस्तर संभाग स्तरीय सम्मेलन 29 को

**चारामा।** छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग समाज की गरिमा, अधिकारों और भागीदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए 29 जुलाई को बस्तर संभाग स्तरीय पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन कांकेर में किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक सम्मेलन हमारे समाज की एकता, जागरूकता और राजनैतिक-सामाजिक सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### पूर्व राष्ट्रपति कलाम की पुण्यतिथि मनाई

**भानुप्रतापपुर।** भारत देश के पूर्व राष्ट्रपति स्व. अब्दुल कलाम आजाद के पुण्यतिथि पर शिवसेना द्वारा उनके प्रतिमा की पूजा अर्चना कर उनका माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए उनकी पुण्यतिथि मनाया। इस अवसर पर शिवसेना द्वारा कहा गया कि अब्दुल कलाम आजाद एक राष्ट्रपति ही नहीं इस देश के एक महान वैज्ञानिक भी थे, जिनके आदर्शों पर आज भारत देश चल रहा है जो किसी जाति, पार्टी की दीवार में नहीं बंध कर समस्त भारतीयों के एक जनप्रिय नेता थे। शिवसेना सदैव उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेती है एवं उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेती है।

### दो दिवसीय शिव महिमा कथा व रुद्राभिषेक महोत्सव जारी

**भानुप्रतापपुर।** शिव महिमा कथा एवं रुद्राभिषेक काशी तीर्थ से आए कथा व्यास आचार्य पं. कमल किशोर तिवारी दयालु महाराज काशी तीर्थ के मुखार बिंदु से आस्था, भक्ति रस के साथ महोत्सव का दो दिवसीय संगीतमय भव्य आयोजन शिवालय मंदिर प्रांगण नेहरूनगर में आयोजित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में रविवार 27 जुलाई को कलश यात्रा के साथ बेदी पूजा और दोपहर 4 बजे से संध्या तक शिव महिमा कथा वाचन किया गया। आज सोमवार 28 जुलाई प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक कांवर यात्रा खंडी नदी, 10 बजे से 11 बजे तक बेदी पूजा एवं 11 बजे से 1100 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक पूर्णाहुति व विसर्जन किया जाएगा।

### पार्थिव शिवलिंग का किया महाअभिषेक

**चारामा।** नगर निवासी शिव शम्भु परिवार एवं रामसत्ता चौक शिव भक्त परिवारजनों के द्वारा राम सत्ता चौक में पार्थिव शिवलिंग का महारुद्र अभिषेक किया गया, जिसमें नगर पुरोहित विकास दुबे द्वारा पूरा अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न किया गया। शिव भक्ति संगीतमय में मग्न होकर शिव शिवाय नमस्तुभ्यं की जयकारा के साथ प्रकृति में गुंजायमान किया एवं महाआरती के साथ पूजा समाप्त हुई। इस अवसर पर नगर पंचायत चारामा वार्ड पार्षद गीतेश्वरी शिव सोनकर, कविता विनोद साहू, उत्तम साहू, मंजू सोनकर एवं अन्य शिव भक्ति उपस्थित रहे।

### डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 21 निवासी मुकेश राय का डूबने से 26 जुलाई को मौत हो गया। पीव्ही 21 निवासी मनोरंजन राय ने पुलिस को बताया कि मृतक मवेशी को चराने के लिए जंगल गया था। उसका शव दुर्गापुर में पड़ा हुआ था। चेहरा पानी में डूबा हुआ था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

---

सेजेस सिंगपुर में रविवार को एसएमडी एवं पालकों से चर्चा के बाद बनी रणनीति

# सत्रह गांव में एक साथ शुरू होगी गुड पैरेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



सेजेस सिंगपुर के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने इस बात को भली भांति समझ लिया है कि विद्यालय और समुदाय के बीच आपसी सहयोग और सम्बन्ध जितना मजबूत होगा उतना ही उस विद्यालय एवं समाज का विकास होगा। समाज के विकास की धुरी विद्यालय के आसपास ही घूमती है। इसी बात को ध्यान में रखकर सेजेस सिंगपुर के शिक्षक एकजुट होकर विद्यालय में आमूलचूल बदलाव में लगे हुए हैं।

इसी क्रम में एसएमडीसी एवं सिंगपुर के आसपास के सत्रह गांव के समाज प्रमुखों, पालकों, एसएमडी सदस्यों की बैठक रविवार को विद्यालय अवकाश के दिन आयोजित की गई। गुड पैरेंटिंग (श्रेष्ठ पालकत्व ) पर बातचीत की गई। बातचीत में बच्चे के प्रातः उठने से लेकर सोते तक के क्रियाकलाप पर विन्दुवार न केवल चर्चा की गई अपितु प्रत्येक बिंदु पर आम पालकों की सहमति बनाते हुए पालकों के लिए जिम्मेदारी भी तय की गई। प्रातः जल्दी पढ़ने के लिए उठाना, स्कूल की आवश्यक तैयारी, समय पर विद्यालय भेजना, विद्यालय से घर वापसी के समय बच्चों से स्कूली गतिविधियों पर बातचीत, सीखने सिखाने पर शिक्षकों से चर्चा, मुलाकात, गृहकार्य की पूर्णता का सत्यापन, रात्रि में अध्ययन अध्यापन की मानिटरिंग हेतु प्रत्येक गांव में 3-4 वालिंटियर की नियुक्ति कर रात्रि में ग्राम भ्रमण कर बच्चों की पढ़ाई पर निगरानी रखने, मासिक परीक्षा पश्चात विद्यालय में आयोजित बैठक में शत प्रतिशत उपस्थिति, बच्चों के जन्मदिन पर विद्यालय को प्रतियोगी पुस्तक भेंट करना, बच्चों को नशे से मुक्त रखना, प्रत्येक रविवार को स्कूली गतिविधियों एवं बच्चों के सीखने सिखाने की समीक्षा में भाग लेने आदि पर चर्चा की गई।। बातचीत के दौरान समाज प्रमुखों ने सिंगपुर में त्वरित वालंटियर नियुक्त किया। ये वालंटियर प्रतिदिन शाम को न केवल स्कूली बच्चों की निगरानी करेंगे अपितु घर घर जाकर देखेंगे कि बच्चे पढ़ तो रहे हैं। गृहकार्य होते ही पालक बच्चों की कापी पर हस्ताक्षर कर समय भी नोट करेंगे। बच्चों की निगरानी करने के लिए पूरे गांव में सीसीटीव्ही लगाने का निर्णय लेते हुए रात्रि 8 बजे तक बच्चों को पढ़ने बिठाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जितेंद्र गंगासागर, फणीश गंगासागर, कौशल दीवान, ईश्वर दीवान, गणेश दीवान, डेमिन कंवर, अनिल सेन, चन्द्रभान सेन, बुधराम यादव, कुमेश्वरी यादव, सुनील सोम, मन्नूलाल काशी, साम्वेल ग्वाल, जीवन अभिषेक, एसएमडीसी अध्यक्ष धनंजय साहू, सरपंच लोमेश्वर साहू, रहबर अली, इकरामुद्दीन खान, ज्योति तिवारी, राधेलाल सिन्हा, गोपाल पटेल, डीपी बागड़े, पुनेश महिलांग, ओसिस साहू, पूनम उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा, शिक्षकगण गोविंद नेताम, आरबी मरकोले, कल्याण कौशल, देवेंद्र देवांगन, राधेश्याम साहू, रीना ध्रुव, शारदामणि साहू, वेदराम सिन्हा, प्रेमलाल साहू, मोनिका रावटे, रामकृष्ण साहू, खिलेश्वर साहू, जितेंद्र ग्वाल, दुलेश्वरी ध्रुव, योगेश साहू, जितेंद्र ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव ने पालकों की इस पहल का स्वागत कर विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने का संकल्प लिया है।

# अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने दी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला रायपुर एवं पूर्व सैनिकों, सैन्य मातृशक्ति तथा गणमान्य नागरिकों के सहयोग से कारगिल विजय दिवस समारोह शहीद स्मारक भवन रायपुर में मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि श्रीमती निशा यादव, प्रतीक यादव, श्रीमती शकुंतला पांडे, राजेश अग्रवाल, डॉ उदयभान, हरीश प्रसाद जोशी, अमिताभ दुबे, अनु तारक जिला पंचायत सभापति रायपुर, कर्नल हरिंद्र त्रिपाठी, किशोरी लाल साहू थे। स्वागत उद्बोधन हवलदार खेमचंद निषाद जिला अध्यक्ष रायपुर ने किया।

कार्यक्रम में वीर शहीदों की श्रद्धांजलि के पश्चात कारगिल के योद्धाओं को सम्मानित किया गया। बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर एवं कारगिल युद्ध के बारे में ड्रामा के माध्यम से जन जागरूकता किया। कार्यक्रम का मंच संचालन पूर्व सैनिक योगेश साहू, हेमंत साहू शिक्षक व आभार व्यक्त कर्नल हरिंद्र त्रिपाठी ने किया।

# ब्लॉक कांग्रेस ने सेक्टर, जोन पुनर्गठन के लिए ली बैठक

- निष्ठावान, सक्रिय एवं वरिष्ठ, महिला, युवा कार्यकर्ताओं को स्थान देने हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



स्थानीय कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद द्वारा सेक्टर, जोन मंडल में पुनर्गठन करने बैठक आयोजित की गई। ब्लाक प्रभारी युगल पांडे ने आवश्यक दिशा निर्देश करते हुए कहा कि जोन मंडल, सेक्टर में निष्ठावान ,सक्रिय को स्थान देते हुए वरिष्ठ, महिला, युवा के साथ सभी को समायोजित करते हुए नियमानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग सहित सभी धर्म व जातियों को महत्व देते हुए मजबूत कार्यकारिणी बनानी है।

बैठक को पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुश्री राजकुमारी दीवान, पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं की बदौलत ही हम मजबूत स्थिति में हैं। केन्द्र व राज्य सरकार की हर गलत नीतियों का मजबूती से विरोध कर पा रहे हैं। पार्टी में अध्ययन व अनुशासन अनुरूप अवसर वादियों को बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ चुका है। ब्लाक में अन्य जोन मंडल में बैठक के लिए समय-सारिणी तैयार की गई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रमोद साहू, प्रहलाद चंद्राकर, श्रीमती शारदा साहू, रमेशर साहू, रवि शर्मा, नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद मनीष साहू, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, पप्पू राजपूत सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

# कॉलेज छात्रों को दी देश सेवा की प्रेरणा

- मगरलोड महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि बीएसएफ में चयनित चंदन देवांगन और संजीव नाग थे। संजीव कुमार ने बताया कि वह ग्राम अमलीडीह से हैं और सेना में जाने की प्रेरणा उन्हें अपने गांव के ही सीनियर छात्रों से प्राप्त हुई। उन्हीं के सहयोग से उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सेना में जाने और देश की सेवा करने की प्रेरणा दी। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन एवं एनएसएस प्रभारी डॉ रमादेवी चंद्राकर के निर्देशन में हुआ।

मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ घनश्याम देवांगन, कौसलेश ध्रुव, डॉ यशोदा साहू, निरूपा साहू, डॉ विनोद कुमार, दीपक कश्यप, नीरज कुमार समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ सुशीला साहू किया।

# सेमरा बी के शिव मंदिर में आज जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



ग्राम पंचायत सेमरा बी के बाजार चौक पर स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में 28 जुलाई सोमवार को विशाल जलाभिषेक समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर गांववासियों में खासा उत्साह है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तालाब से मानव श्रृंखला के माध्यम से जल लाया जाएगा और भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। पूजा अनुष्ठान प्रातः 10 बजे से आरंभ होगा। शाम को कोटगांव के राघव म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तिमय शिव भजनों की मधुर प्रस्तुति दी जाएगी।

# सिलौटी स्कूल में कारगिल विजय दिवस के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



शाउमावि सिलौटी में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारत माता के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान अपने अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान से देश की रक्षा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख बी पदमा राजेश ने किया। छात्रों ने देशभक्ति गीत और प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से कारगिल युद्ध की वीरगाथा प्रस्तुत की। रासेयो प्रभारी संतोष जैन ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे जांबाज सैनिकों ने अपने अदम्य शौर्य और साहस से कारगिल पर सफलता पर हासिल की। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। मौके पर राजकुमार साहू, कौशल साहू, अजय यादव, चम्पेश्वर साहू, युगल सेन, जयनारायण सोनवानी, संतोष ध्रुव, निर्भयराम साहू, आर. पोर्ते, हुलासराम साहू, रानी साहू, नीलम साहू, एचके साहू, भोजराम साहू समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# टेंगना स्कूल में हरेली पर हुआ पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाल टेंगना में हरेली पर्व पौधरोपण कर मनाया गया। कक्षा चौथी के विद्यार्थी गोपेश कश्यप ने अपने जन्मदिन को यादगार बनाते हुए नारियल का पौधा रोपा। उनके परिवार द्वारा शाला परिवार को न्योता भोजन भी प्रदान किया गया। गेड़ी चढ़कर सभी बच्चों ने हरेली पर्व मनाया। शिक्षक संतोष बांधव ने बताया कि नवाचार के साथ ही संस्कृति एवं संस्कार हमारी धरोहर है। छत्तीसगढ़ के हर त्योहार में कोई न कोई विशिष्ट गुण रहता है। हरेली त्योहार कृषि, किसान और समृद्धि का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधानपाठक ममता प्रजापति, मनोज गंजीर, यतीन्द्र गौर, पार्वती ध्रुव, असमोतिन ध्रुव, देवकी कश्यप आदि उपस्थित थे।

### लुगे में हरेली पर्व पर 200 पौधे रोपे गए

**मगरलोड।** छग का प्रथम त्योहार हरेली व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम लुगे में ग्रामीण विकास समिति और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगभग 200 पौधे रोपे गए। मौके पर चेतन साहू, चोखेराम, निरंजन साहू, तामेश्वर विश्वकर्मा, लीलाधर, पावन साहू, नेमसिंह यादव, तरेंद्र साहू, रूपराम, दुलेश, द्वारिका, नूतन, पवन रोशन सहित अनेक युवा मौजूद रहे।

# कबड्डी में भोथली की टीम ने मारी बाजी

- हरेली त्योहार पर ग्राम उमरगांव के हर्रापारा में दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम उमरगांव के हर्रापारा में हरेली त्योहार के उपलक्ष्य में 20 वर्षीय लड़कों का दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया था। प्रथम स्थान कबड्डी दल भोथली, द्वितीय स्थान कबड्डी दल छुरा, तृतीय स्थान तरसींवा, चतुर्थ स्थान गरियाबंद ने प्राप्त किया। स्पर्धा में पुरस्कार क्रमशः 5025, 3025, 2025, 1025 रूपए रखे गए थे। समापन समारोह की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य क्षमा साहू थीं। अध्यक्षता सरपंच अंजना ध्रुव ने की। विशेष अतिथि उपसरपंच फलेंद्र साहू, केआर ठाकुर, पीआर साहू शिक्षक थे। स्पर्धा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष गणेश मरकाम, उपाध्यक्ष उनकरण ठाकुर, कोषाध्यक्ष रुपेश नेताम, सचिव देवराज मरकाम व सदस्यों और ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

स्वास्थ्य सेवा को मिलेगी मजबूती : बोहरा

# नपं उपाध्यक्ष ने मितानिनों को बीपी मशीन वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगर पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष विकास बोहरा ने मितानिन दीदियों को बीपी मापने वाली मशीनों का वितरण किया गया। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा तीज महोत्सव के उपलक्ष में नगर के फॉरेस्ट विश्राम गृह में यह आयोजन रखा था। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नपं उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पार्षद अंबिका ध्रुव, राजा पवार, शंकरदेव, देवचरण ध्रुव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुलोचना साहू थे।

इस अवसर पर विकास बोहरा ने कहा कि मितानिन बहनें नगर स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं। उन्हें सशक्त कर हम पूरे नगर को स्वस्थ बना सकते हैं। बीपी मशीन मिलने से अब ये बहनें घर-घर जाकर लोगों की सेहत की जांच कर सकेंगी। कुछ दिन पूर्व नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा द्वारा मितानिन दवापेटी का वितरण किया गया था।

मितानिन हेमलता यादव ने कहा कि अब वे लोगों की नियमित जांच कर सकेंगी। बीपी मशीन मिलने से अब वे रक्तचाप संबंधी समस्याओं की स्क्रीनिंग करके प्राथमिक उपचार और रिफरल की भूमिका निभा सकेंगी। 15 वार्डों की मितानिन को मशीन मिल जाने से स्वास्थ्य सेवा और बेहतर होगी।

# पीएम ने भारत की नई उपलब्धियों, खेल नीति और सांस्कृतिक जागरुकता पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- वार्ड क्रमांक 4 में मोदी के मन की बात सुनी गई



नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्र. 4 में गोविंद साहू के निवास में मन की बात का कार्यक्रम को देखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 124वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए भारत की नई उपलब्धियों, खेल नीति और सांस्कृतिक जागरूकता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज भारत सिर्फ विकास की बात नहीं कर रहा, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर हो रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने खेलो भारत नीति 2025 की घोषणा करते हुए कहा कि अब गांव, गरीब और बेटियों को खेलों में प्राथमिकता दी जाएगी। इस नीति के तहत स्कूल-कॉलेज में खेलों को अनिवार्य किया जाएगा और स्थानीय प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री मोदी ने हाल ही में अंतरिक्ष में भारत की सफलता का ज़िक्र करते हुए कहा कि भारत अब अंतरिक्ष में भी आत्मनिर्भर हो चुका है। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सफल वापसी को विज्ञान और नवाचार की जीत बताया।

कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पार्षद चेलेश्वरी साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, पूर्व सरपंच महेंद्र नेताम एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### भाजपा के वयोवृद्ध नेता ने सुनी मन की बात



**धमतरी।** भाजपा के वयोवृद्ध नेता गजराज जैन ने अपने परिवार के साथ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया।

### प्राचार्य ने दिया न्योता भोज



**धमतरी।** शाउमावि सलोनी के प्राचार्य आरके गुप्ता ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कक्षा नवमी से बारहवीं के बालक-बालिका, स्टाफ एवं शाला प्रबंधल के सदस्यों को न्योता भोज दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार समेत प्राचार्य के परिजन उपस्थित थे।

### शारदा महिला समिति ने मनाया सावन उत्सव



**धमतरी।** मां शारदा महिला समिति द्वारा सावन उत्सव मनाया गया। समिति की सचिव श्रीमती रंजना भट्टाचार्य ने बताया कि पार्वती ने शंकर भगवान को खुश करने के लिए सावन महीने में सोलह श्रृंगार कर उत्सव मनाया था, इसलिए बंग समाज की महिलाएं भी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाती हैं। मौके पर श्रीमती मधुमिता डे, लिपि पाटीकर, दीपा, सोमा साव, इशिता, मीनू पवार, मीठू मुखर्जी, रीता, प्रियंका बिश्वास, बरणाली पोद्दार, चीनूदास मौजूद थे।

### नवोदय परीक्षा तैयारी के लिए छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें बांटी



**धमतरी।** संकुल देमार और तरसींवा अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के लगभग 50 होनहार बच्चों को निःशुल्क नवोदय परीक्षा की तैयारी करवाई जा रही है। तैयारी को प्रभावशाली बनाने के लिए देवनाथ साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार एवं लक्ष्मण यदु प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल तरसींवा द्वारा निःशुल्क पुस्तक का वितरण किया गया। साथ ही श्रीमती मीना साहू प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक विद्यालय खपरी द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोजन की व्यवस्था की गई।

### योग स्पर्धा के लिए ब्लाक से 30 छात्रों का चयन



**धमतरी।** विकासखंड स्तरीय योग प्रतियोगिता में विकासखंड धमतरी से 30 विद्यार्थियों का चयन हुआ। ये विद्यार्थी कुरूद दर्रा विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने प्रबंधक रेखा सिन्हा, कोच राजकुमार सिन्हा एवं निर्मला सिन्हा के साथ रवाना हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास से सफलता जरूर मिलती है। मोबाइल से दूर रहकर अपने स्वस्थ तन मन के लिए सुबह 1 घण्टा जरूर मैदान में खेलना चाहिए।

### पीएचसी भटगांव में अतिरिक्त कक्ष निर्माण पर हुई चर्चा



**धमतरी।** ग्राम पंचायत भटगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महत्वपूर्ण इकाईयों पर हुई चर्चा। अतिरिक्त कक्ष निर्माण को प्राथमिकता दी गई। जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया एवं विभिन्न समस्याओं से अवगत होकर निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत वन सभापति जयंत्री ध्रुव, सरपंच फागुराम साहू, डॉ. एजे खान बीएमओ, एनडी साहू, आर. खिलेश्वर सिंह, जेएसए, एनके कश्यप सुपरवाइजर समेत जीवन दीप समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### गौ क्रांति मंच के संजय जिलाध्यक्ष बने



**धमतरी।** भारतीय गौ क्रांति मंच की प्रदेशस्तरीय बैठक बंजारी धाम रायपुर में रखी गई। संगठन महामंत्री राजा पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष नवीन अग्रवाल के निर्देश तथा प्रदेश महामंत्री नामदेव राय की अनुशंसा पर धमतरी जिला की कार्यकारिणी घोषित की गई है। भारतीय गौ क्रांति मंच अध्यक्ष संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष नीरेश ठाकुर, कृष्ण साहू, शिवशंकर सोनबोईर, महामंत्री रिंकू सेन, महामंत्री तिलक देवांगन, मंत्री खूबलाल साहू, भेष साहू, ऐश कुमार साहू , गौ रक्षा प्रमुख संत कुमार कोठारी, सह गौ रक्षा प्रमुख धनेंद साहू, वैभव यदु, जिला गौ सेवा प्रमुख अंगद सिन्हा, मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र साहू, सह मीडिया प्रभारी दीपक साहू एवं खिलेश साहू बनाए गए। सभी गौ भक्तों को नवीन दायित्व प्रदान किया गया।

## सिर्वे में श्रीमद् भागवत कथा सुनने पहुंचे कुरूद विधायक

# सुदामा चरित्र सुन भाव-विभोर हुए श्रोता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम सिर्वे में 21 से 29 जुलाई तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा का आयोजन स्व. श्रीमती माधुरी यदु की स्मृति में किया गया है।कथावाचक पं. कृष्ण कुमार तिवारी ग्राम खपरी नया रायपुर द्वारा छठवां दिवस प्रद्युम्न जन्म एवं सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई। कथावाचक ने कहा कि प्रद्युम्न, भगवान कृष्ण और देवी रुक्मिणी के पुत्र थे। वे कामदेव के अवतार माने जाते हैं। कुछ कथाओं के अनुसार उनका जन्म एक विशेष परिस्थिति में हुआ था, जब कामदेव को भगवान शिव ने भस्म कर दिया था। इसके बाद कामदेव ने कृष्ण और रुक्मिणी के पुत्र के रूप में पुनर्जन्म लिया। कुछ कथाओं में यह भी बताया गया है कि जन्म के बाद प्रद्युम्न का अपहरण शंबरासुर ने कर लिया था और उसे समुद्र में फेंक दिया था। एक मछली ने उसे निगल लिया और बाद में उस मछली को पकड़कर शंबरासुर को दे दिया गया। शंबरासुर ने प्रद्युम्न को अपनी पत्नी मायावती को सौंप दिया, जो उसका पालन-पोषण करती है। बाद में प्रद्युम्न शंबरासुर को मारकर द्वारका वापस आ जाता है, जहां उसका पुनर्मिलन अपने माता-पिता से होता है। कथावाचक ने भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कहानी सुनाई। कथा सुनने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर समेत रोहित राम यदु, आशा, घनश्याम यदु, रेखा, जोहत यादव, सीमा, आनंद यदु, सीमा, ऐश्वर्य यदु समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे।

## मन की बात कार्यक्रम हमें राष्ट्रहित में एकजुट होने का संदेश देता है : रंजना



- पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 124 वें संस्करण को संबोधित किया। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कार्यकर्ताओं संग मन की बात सुनी। श्रीमती साहू ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम हम सभी को राष्ट्रहित में एकजुट होने, जनभागीदारी को मजबूत करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रेरित करता है।

मोदीजी ने मन की बात के तहत देश के प्रत्येक क्षेत्र की काबिलियत और प्रतिभाओं को देश के सामने प्रस्तुत कर उन्हें राष्ट्र पटल पर सम्मान दिया है, जहां कभी कोई सरकार नहीं पहुंच सकी, देश के उन कोने तबकों में रह रहे व्यक्तियों तक पहुंचने का कार्य मन की बात कार्यक्रम के तहत किया गया है। इस दौरान भाजपा नेता राकेश साहू, नेहा साहू, पंकज साहू उपस्थित थे।

## कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय हाईस्कूल बाजारकुर्रीडीह में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस दिन विद्यार्थियों के लिए भाषण, निबंध, कविता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने बताया कि भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस, शौर्य, पराक्रम और देशभक्ति का परिचय देते हुए आतंकवादियों को देश से खदेड़ दिया और कारगिल की चोटी पर तिरंगा लहराया तबसे इस दिवस को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने दो मिनट का मौन रखा गया।

व्याख्याता चुम्मन साहू, कमलेश निषाद एवं भूमिका, डेविड यंशु, दुर्गा, झरना सहित अन्य विद्यार्थियों ने इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव ने विद्यार्थियों को ऐसी ही वीरता और साहस अपनाने और मन में राष्ट्र प्रेम का जज्बा विकसित करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर चुम्मन साहू, कमलेश कुमार निषाद ,शिव कुमारी नेताम, भावना रामटेके, खेमिन नागवंशी समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पीएमश्री केवि में विद्यार्थी परिषद का गठन



- प्राचार्य ने सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पीएमश्री केवि धमतरी में विद्यार्थी परिषद के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार थे। मुख्य अतिथि ने सभी सदस्यों को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी सदस्यों को विद्यालय के प्रशासनिक, शैक्षिक तथा गैर शैक्षिक क्रियाकलापों में अपना शत-प्रतिशत योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी धनेश्वर साहू ने बताया कि सभी पदों के प्रतिनिधि बालिका और बालक दोनों वर्गों से चुना गया। शाला नायिका पलक साहू, शाला नायक तुषांत कुमार साहू, स्पोर्ट्स कैप्टन अपर्णा सिन्हा और सूर्यप्रकाश नेताम, सीसीए कैप्टन अभिज्ञा गोस्वामी और हिमांशु सोनबेर, डिसिप्लिन कैप्टन धर्मिष्ठा महाजन और हर्षल मेश्राम, उपशाला नायिका साक्षी डोंगरे, उप शालानायक गगन सतदेवे मेश्राम, स्पोर्ट्स वाईस कैप्टन स्वास्तिका सिंह और पुष्कर साहू, सीसीए वाईस कैप्टन न्यासा और पुष्पेन्द्र तथा डिसिप्लिन वाईस कैप्टन के रूप में जाह्नवी साहू और भावेश निषाद ने अपने पद की शपथ ली।

प्राथमिक विभाग से आस्था देवांगन ने ब्लॉजम और देवांश सिंह ध्रुव ने सनशाईन के पद की शपथ ली। सुरेश देवांगन ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों को शिवाजी, टैगोर, अशोक और रमन सदनों में बांटा गया है। कार्यक्रम का संचालन धनेश्वर साहू ने किया। मौके पर गोपी राम खोरवाल, योगेश नेताम, योगिता, सुलभा चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिंधी समाज की महिलाएं मनायेंगी तिजड़ी तीजा महोत्सव



- 10 अगस्त को 400 महिलाओं के हाथों में सजेगी मेहंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सिंध शक्ति महिला सगठन एवं पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान तिजड़ी तीजा का आयोजन किया जा रहा है। इसे तीज भी कहते हैं। सिंधी समाज की महिलाएं व कुंवारी लड़कियां इस दिन उपवास रखती हैं। उपवास रखने वाली महिलाओं के हाथों में मेहंदी जरूर लगी रहनी चाहिए लेकिन इस वर्ष सिंधु शक्ति महिला संगठन एवं पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा सामूहिक रूप से सभी महिलाओं के हाथों में मेहंदी लगाई जाएगी। सामूहिक रूप से 400 महिलाओं को मेहंदी लगाने की कोशिश की जाएगी। सिंधी समाज की महिलाएं अपने पति के लिए लंबी उम्र के लिए निर्जला उपवास रखती हैं। नए वस्त्र धारण करती हैं। सोलह श्रृंगार करती हैं। पूज्य सिंधी पंचायत धर्मशाला में यह कार्यक्रम 10 अगस्त को रखा गया है। दोपहर 1 से लेकर 6 बजे तक मेहंदी लगाई जाएगी।

कार्यक्रम की तैयारी में पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष चंदू जसवानी, उपाध्यक्ष रामचंद्र वाधवानी, महेश रामरख्यानी, अशोक डुंबानी, अमर पिंजानी, अशोक वाधवानी, सिंध शक्ति महिला संगठन की महासचिव प्रिया पंजवानी, अध्यक्ष पार्वती वाधवानी, सचिव साक्षी वाधवानी, दिशा कमरानी, रिया सुनेटा, शारदा चावला, रोमा राहूजा, मोना वाधवानी, सिमरन वाधवानी, मुस्कान वाधवानी, संगीता वाधवानी, पलक सुंदरानी, दीपा जसवानी, श्वेता ननकानी, अन्य वासवानी, किरण ग्वालानी, तान्या चावला, प्रीति पिंजानी, सरला डोडवानी जुटी हैं।

## प्राथमिक कृषि साख समिति कुर्रा में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




ग्राम कुर्रा की प्राथमिक कृषि साख समिति द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में सोसाइटी अध्यक्ष मुरारी यदु, अमन राव अध्यक्ष भाजपा मंडल रांवा, देहुति साहू जनपद सदस्य, चन्द्रेश चांद सरपंच मड़ाईभाठा, पुष्पा ध्रुव सरपंच बागतराई, परमेश्वर साहू पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष, बिसौहाराम साहू शामिल हुए।

भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने कहा कि वनों द्वारा वर्षा का संतुलन बना रहता है। इससे हमारी कृषि ठीक ढंग से होती है। वन ही बाढ़ के प्रकोप को रोकता है। पेड़ हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुरारी यदु ने कहा कि पौधरोपण के लिए बरसात का मौसम सबसे अच्छा समय है। हमें उन्हें अच्छी तरह से विकसित करने के लिए कुछ प्रभावी उपाय करना चाहिए।

मौके पर गोपाल साहू पूर्व सरपंच, प्रभुराम साहू, ध्रुवकुमार साहू, शांतनु राव, अजब देवांगन, रिखम राव, गिरधेलाल साहू, महेश साहू, गणेश यदु, प्राथमिक कृषि साख समिति कुर्रा के प्रबंधक पुरूषोत्तम ध्रुव, लिपिक महादेव साहू, विक्रेता जितेन्द्र साहू, तुकाराम साहू, देवेन्द्र साहू, हिरेन्द्र साहू, हेमंत राव, भागवत बांसकर समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रितुराज साहू कृषि विस्तार अधिकारी व आभार प्रदर्शन समिति प्रबंधक पुरूषोत्तम ध्रुव ने किया।

### हरेली पर मरौद में सजी कवियों की महफिल

**सिर्री।** हरेली त्योहार के अवसर पर संगवारी साहित्य समिति सिर्री का कवि सम्मेलन प्यारेलाल साहू सेवानिवृत्त शिक्षक के आमंत्रण पर ग्राम मरौद में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्यारेलाल साहू सेनि शिक्षक मरौद की रचित भजनामृत पुस्तक का विमोचन साहित्यकारों ने किया। देर शाम तक चले कवि सम्मेलन में गीत, गजल, मुक्तक, हास्य व्यंग्य और छंदबद्ध कविताओं से सभी सराबोर हुए। नवोदित रचनाकार के रूप में दिल्ली यूनिवर्सिटी में गजल के छात्र सुमित साहू के साथ हलायुध, ज्योति, ट्विंकल साहू, कुलदीप पटेल ने पहली बार रचना पाठ कर महफिल में तालियां बटोरी।

## निगम के कांजी हाउस पहुंचकर कांग्रेस पार्षदों ने किया प्रदर्शन



- निगम प्रशासन, भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम के कांजी हाउस से 22 मवेशियों के गायब होने पर कांग्रेस पार्षदों ने कांजी हाउस पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषी अधिकारियों पर जल्द ही एफआईआर कराने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि यह घटना 22 जुलाई मंगलवार की रात की है जिसे निगम प्रशासन दबाने की कोशिश कर रहा है। गौ माता, गौ रक्षा के नाम पर बीजेपी राजनीति करती है लेकिन यही बीजेपी सरकार व निगम प्रशासन गौ माता की सुरक्षा ठीक से नहीं कर पा रहा है। 22 गौ माता का कांजी हाउस से गायब हो जाना शर्म की बात है। कांजी हाउस में कैमरे लगे हुए हैं मगर काम नहीं कर रहे।

उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि यह दिन धमतरी निगम को कलंकित करने वाला दिन है। पहली बार ऐसी घटना हुई है कि निगम द्वारा संचालित कांजी हाउस से 22 मवेशियों की चोरी हुई है। कांजी हाउस में किसकी नाइट ड्यूटी थी, गायों की जब चोरी हुई तो चौकीदार था कि नहीं। ये सवाल उठ रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में पार्षद उमा भागी ध्रुव, गजानंद रजक, सूरज गहरवाल, राज देवांगन, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, राजू साहू, रवि साहू, दानेश्वर साहू उपस्थित थे।

## सेजेस हटकेशर के छात्रों ने सैनिकों के लिए भेजी राखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी मध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटकेशर के स्काउट-गाइड, रोवर रेंजर विभाग तथा स्कूली विद्यार्थियों ने प्राचार्य राजकुमार शर्मा के मार्गदर्शन, रोवर रेंजर विभाग प्रभारी रेंजर लीडर योगिता कंवर के निर्देशन में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान अंतर्गत विद्यालय में संकलित की गई राखी राज्य कार्यालय रायपुर भेजी। इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार शर्मा तथा रेंजर लीडर योगिता कंवर ने विद्यार्थियों को बताया कि देश की सीमा पर तैनात सैनिक जो दिन रात देश की रक्षा कर रहे हैं, वे ऐसे प्रमुख पर्व पर भी अपने घर नहीं आ पाते। उनके सम्मान में देशभर से राखियां स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा भेजी जा रही है। मौके पर घनश्याम साहू, ओमप्रकाश नाग, देवशंकर देव, खिलेंद्र साहू, भुवनेश्वरप्रसाद साहू, रामानंद साहू, लीना भारती सिन्हा, आराधना साहू, शशिप्रभा सोनवानी, सविता साहू समेत विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## शिक्षक साझा मंच का धरना-प्रदर्शन स्थगित



- शिक्षक साझा मंच की मांग पर 160 अभ्यावेदन एवं 53 न्यायालयीन प्रकरणों की पुन : होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में गंभीर त्रुटियां, लापरवाही एवं दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं होने पर शिक्षक साझा मंच ने 23 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया था। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने के कारण साझा मंच के जिला संचालकगण डॉ भूषणलाल चंद्राकार, अमित महोबे, दिनेश पांडे, दौलत राम ध्रुव ने 25 जुलाई को जिलाधीश अबिनाश मिश्रा के चेंबर में डीईओ टीआर जगदल्ले, एसडीएम पीयूष तिवारी के समक्ष पुनः अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा। कलेक्टर ने शिक्षक साझा मंच की मांग पर 160 अभ्यावेदन एवं 53 न्यायालय प्रकरण पर समीक्षा करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। इसके बाद जिला संचालकगणों ने 28 जुलाई सोमवार को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय लिया है। शिक्षक साझा मंच ने जिले में संचालित एनजीओ, प्राइवेट संस्थान विनोबा ऐप जैसे ऐप को संचालन नहीं करने जैसी भी मांग प्रमुखता से रखी।

### ब्रज गोपिका सेवा ने हरि गुरु को झूला झुलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा हरियाली तीज का आयोजन जलाराम मंदिर मठ मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर हरि गुरु की झूला लीला अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाई गई, जिसमें हरि गुरु को सुसज्जित झूले पर विराजमान कर प्रेमपूर्वक झुलाया गया। भक्तगणों ने मधुर कीर्तन गाते हुए इस दिव्य लीला का आनंद लिया। संपूर्ण वातावरण भक्ति, संकीर्तन और शांति से गुंजायमान रहा। हरि गुरु की आरती की गई। मौके पर संतोष मिश्रा, अशुतोष मिश्रा, चंद्रभान मेश्राम, मुकेश सोनी, महेश महावर, अंकित मिश्रा, महेश राजक, शरद रजक, श्रीमती प्रियंका मिश्रा, श्रीमती पिंकी सोनबर, श्रीमती आयुषी मिश्रा, कुमारी सृष्टि शर्मा, श्रीमती सरिता शर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### विधायक ओंकार ने छग सरकार से जर्जर स्कूल भवनों की तत्काल जांच की मांग की



**धमतरी।** राजस्थान के एक शासकीय स्कूल की छत गिरने से सात मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत और 29 से अधिक बच्चों के घायल होने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हृदय विदारक हादसे पर शोक जताते हुए विधायक ओंकार साहू ने ईश्वर से दिवंगत बच्चों की आत्मा की शांति और पीड़ित परिवारों को इस असीम पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। विधायक साहू ने कहा कि यह घटना केवल एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के लिए चेतावनी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार से अपील की कि राज्य के सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक भवनों की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए। विधायक ने यह भी सुझाव दिया कि प्रत्येक जिले में विशेष जांच दल गठित कर भौतिक निरीक्षण कराया जाए और मरम्मत योग्य भवनों की सूची तत्काल जारी कर प्राथमिकता के आधार पर सुधार कार्य किया जाए।

### निहाल का ओपन नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में चयन



**धमतरी।** अमृतसर में होने वाली ऑल इंडिया ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए विद्याकुंज लोहरसी विद्यालय के छात्र निहाल सिन्हा पिता हरीश सिन्हा का चयन हुआ है। ग्रुप डी अंतर्गत छत्तीसगढ़ फुटबॉल टीम का मुकाबला महाराष्ट्र, मिजोरम व चंडीगढ़ से होगा। छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ियों का चयन नारायणपुर में हुआ, जिसमें अंडर 15 जूनियर ब्वॉयज के 100 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। पहले राउंड में 30 खिलाड़ियों का चयन हुआ। इसमें धमतरी जिले से केवल निहाल सिन्हा का चयन हुआ। उनके चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी, खेल अधिकारी हरीश देवांगन, विद्याकुंज लोहरसी के संचालक श्री तिवारी,प्राचार्य श्री जगताप, फुटबॉल कोच फ्रांसिस, प्रमुख कोच राजेश नायर समेत नगर के खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दीं।

### छात्र-छात्राओं ने बौद्धिक प्रतिभा और तार्किक क्षमता का दिया परिचय

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि भेंडरा में विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य टीआर साहू ने की। प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को चार समूह सत्यम, शिवम, सुंदरम एवं मधुरम में विभाजित किया गया था। इन समूहों के प्रतिभागियों ने विज्ञान और गणित से संबंधित रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी बौद्धिक प्रतिभा और तार्किक क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन पारसमणि साहू द्वारा किया गया। निर्णायक जीके देवांगन, पीके साहू, ज्योति साहू, दसोदा साहू, एसएल साहू, हेमेंद्र साहू थे।

वाहन चालक गड्ढे में गिरकर हो रहे घायल, मरम्मत की मांग

# सिहावा मार्ग के गड्ढों से राहगीर हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर के प्रमुख मार्ग सिहावा रोड में इन दिनों बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जहां से गुजरना राहगीरों को मुश्किल हो रहा है। अंचल में हो रही रिमझिम बारिश से सड़कें खराब हो रही हैं, लेकिन सिहावा रोड की स्थिति बदतर होती जा रही है। सिहावा चौक से ग्राम कोलियारी तक 4 किमी मार्ग में हजारों गड्ढे हो गए हैं।

बारिश का पानी भरने से गड्ढा पता ही नहीं चलता। वाहन चालक गड्ढे में गिरकर घायल रहे हैं। गड्ढे भी ऐसे हैं कि कहीं कहीं 5 से 6 फीट चौड़ा, 6 इंच से एक फीट गहरा हो गया है। रात के अंधेरे में राहगीरों को खासी परेशानी हो रही है।

शहरी नागरिक मनोज साहू, शुभांकर मिश्रा, राहुल बजाज, भोला मिस्त्री, दीपक मत्स्यपाल आदि ने पीडब्ल्यूडी विभाग से गड्ढों को भरने की मांग की है। रिपेयरिंग के अभाव में सड़क और खराब हो सकती है। बारिश के पानी से नहर नाका चौक, शांतिघाट चौक, शांति कालोनी चौक, हरफतरई चौक के पास कीचड़ और दलदल हो जाता है। सड़क किनारे मिट्टी की मोटी तह जम गई है, इसलिए पानी निकासी के अभाव में कीचड़ में तब्दील हो रहा है।

इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर हेशवंत बघेल ने बताया कि टीम निरीक्षण कर चुकी है। गड्ढों को भरने का काम दो दिन में शुरु किया जाएगा। सिहावा चौक से कोलियारी अछोटा तक सभी गड्ढे भर लिए जाएंगे, ताकि राहगीरों को असुविधा न हो।

## सफलता के लिए जीवन में समय का प्रबंधन आवश्यक



- कलेक्टर ने सिलौटी स्कूल के छात्रों को करियर टिप्स दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिकविद्यालय सिलौटी में नशामुक्ति, स्वच्छता व जल संरक्षण पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अतिथि जिलाधीश अबिनाश मिश्रा, कमिश्नर प्रिया गोयल, एसडीएम पीयूष तिवारी रहे। अध्यक्षता संस्था प्रमुख बी पदमा राजेश ने की। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्रों को नशे की आदत और उससे होने वाले शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभाव और उनसे बचने के उपायों पर वीडियो के माध्यम से जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता जिलाधीश श्री मिश्रा ने छात्रों के करियर विकल्प, खेल तथा आत्ममूल्यांकन करने, अपनी रुचियों को पहचानने तथा समय प्रबंधन के महत्व पर बल दिया। साथ ही करियर के नवीन क्षेत्र जैसे स्टार्टअप, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भी प्रकाश डाला। छात्रों ने अपने करियर से संबंधित जिज्ञासाओं का प्रश्न पूछकर समाधान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन चम्पेश्वर साहू ने किया। कार्यक्रम में सरपंच अनिल राव शिन्दे, गिरधारी साहू, गायत्री साधक राजकुमार साहू, कौशल प्रसाद साहू, अजय कुमार यादव, जयनारायण साहू, संतोष कुमार जैन, संतोष ध्रुव, हुलास राम साहू, युगल सेन, निर्भयराम साहू, आर पोर्ते, रानी साहू, नीलम साहू, एचके साहू, यशोदा साहू, आकाश साहू, भोजराम साहू व छात्र- छात्राओं का योगदान रहा।

शालेय शिक्षक संघ ने इसे अधिकारियों की अदूरदर्शिता का परिणाम बताया

## छाती, पचपेड़ी स्कूल में शिक्षा सेवा प्रदाता की होगी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

युक्तियुक्तकरण के तहत धमतरी जिला से गणित विषय के दर्जनों व्याख्याता को दूसरे जिला में भेजकर अब छाती व पचपेड़ी स्कूल में गणित विषय के रिक्त व्याख्याता पद के विरुद्ध शिक्षा सेवा प्रदाता की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार पाण्डेय व छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक संघ के प्रांतीय सचिव रोहित कुमार साहू ने बताया कि जून माह में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण हेतु जिला स्तरीय काउंसलिंग में अतिशेष श्रेणी शिक्षक के लिए पास के शाला में पद रिक्त होने पर भी दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थापना देने के कारण आज भी बहुत से शिक्षक कार्यभार ग्रहण नहीं किए हैं।

बठेना स्कूल से रसायन शास्त्र के व्याख्याता को बिरेतरा स्कूल में रसायन शास्त्र के पद स्कूल प्रारंभ होने से अब तक लगभग दस वर्षों से रिक्त होने पर भी दूरस्थ मगरलोड में पदस्थ किए गए हैं। धमतरी जिला में कला संकाय में शिक्षक व गणित विषय में व्याख्याता के पद रिक्त होने पर भी युक्तियुक्तकरण के तहत दूसरे जिला में भेजकर अब उसी विषय में शिक्षा सेवा प्रदाता की नियुक्ति अधिकारियों की अदूरदर्शिता का परिणाम है। राजेश यादव, चेतन साहू, दिलीप सन्हरा, मुकेश यादव, सुरेन्द्र साहू, यमन ध्रुव, योगेश साहू, रेखराम साहू, मन्नू साहू ने जिला प्रशासन से सभी स्कूलों में पीएमश्री व सेजेस की तर्ज पर भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है।

### पोतों के साथ लिया गेड़ी का लुत्फ

**नगरी।** ग्राम बेलरगांव में 60 वर्षीय चुन्नुलाल साहू ने हरेली त्योहार की परंपरा को बनाए रखने के लिए अपने कृषि औजारों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने अपने पोतों के साथ गेड़ी का लुत्फ भी उठाया। उन्होंने कहा कि हरेली त्योहार पर गेड़ी चढ़ने का अलग ही आनंद है।

## उपमुख्यमंत्री ने शिक्षिका प्रीति को किया सम्मानित

- पुस्तक अधिकार, अवसर और आशा का हुआ विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ में शिक्षा और आपदा जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर और आशा नामक राज्य स्तरीय पुस्तक का विमोचन 26 जुलाई को रायपुर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किया। इस पुस्तक की संपादनकर्ता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सुश्री के. शारदा हैं, जिन्होंने राज्य के विभिन्न 33 जिलों के समर्पित शिक्षकों की एक टीम बनाकर इस बहुपयोगी पुस्तक का निर्माण किया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह पुस्तक दिव्यांगजनों और उनके परिवार के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा।

पुस्तक में दिव्यांगता से संबंधित समस्त जानकारी का समावेश किया गया है। इस पुस्तक की विशेषता यह है कि इसमें क्यूआर कोड्स जोड़े गए हैं, जिन्हें स्कैन करने पर छात्र वीडियो सामग्री देख सकते हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वारा सभी सहभागी शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। इस पुस्तक के सह संपादक धर्मानंद गोजे, श्रीमती प्रीति शांडिल्य हैं।

### थुहा के कांवरिये शिवरी नारायण रवाना

**सिर्री।** ग्राम थुहा की बोल बम सेवा समिति के 70 सदस्यों ने 25 जुलाई को सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने शिवरीनारायण के लिए प्रस्थान किया। मौके पर बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष चुम्मन साहू, सरपंच लोमेश ध्रुव, गगन चंद्राकर, माधोराम लोकेश, खेमन, डोमेन साहू, टीकू, करण, लक्की, भावेश, देशांत, मुरली, राजेश, चंद्रकांत, हृदयराम, चिराग, तुषार, रितेश, नंदकिशोर, भानु, झगेश, गुरुदयाल, कुंदन, सागर, ओंकार, वासुदेव, भूखन, रोमलाल योगी, योगेंद्र, डॉ राजू साहू शामिल हुए।

## मन की बात कार्यक्रम सामाजिक-सांस्कृतिक उत्थान का दर्पण बन चुका है : प्रीतेश

- भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य ने सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में सुनी मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के आम जनमानस से सीधे जुड़ने के लिए माह के अंतिम रविवार को मन की बात को माध्यम बनाते हैं। मन की बात के 124वें संस्करण में उन्होंने राष्ट्र निर्माण, महिला सशक्तिकरण, स्वदेशी आंदोलन, सांस्कृतिक-ऐतिहासिक समृद्धि, स्वच्छ भारत मिशन और तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर चर्चा की। उन्होंने देश के ऐतिहासिक किलों का उल्लेख कर देश की सांस्कृतिक विरासत के गौरव को प्रस्तुत किया। स्वच्छता के महत्व को बताते हुए प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के बिल्हा का भी उदाहरण दिया है। उन्होंने बताया कि बिल्हा की महिलाओं को वेस्ट मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी गई थी और उन्होंने मिलकर शहर की तस्वीर बदल दी है। 30 अगस्त को नेशनल स्पेस डे है और इसे कैसे मनाएं, इसके लिए प्रधानमंत्री ने नमो ऐप पर सुझाव भी आमंत्रित किए हैं। भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य छग एवं मन की बात के प्रदेश सदस्य प्रीतेश गांधी ने सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में मन की बात का श्रवण किया। श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक उत्थान का दर्पण बन चुका है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संवेदनशीलता, दूरदृष्टि और राष्ट्र के प्रति अपार समर्पण का प्रतीक है। जब प्रधानमंत्री ड्रोन दीदी, वेस्ट मैनेजमेंट, किलों की विरासत और स्पेस टेक्नोलॉजी की बात करते हैं, तो वह एक साथ अतीत की गरिमा और भविष्य की संभावनाओं को जोड़ते हैं। मन की बात का यह संस्करण एक बार फिर यह सिद्ध करता है कि नेतृत्व का वास्तविक स्वरूप तब उभरता है जब नीतियां केवल दस्तावेजों तक सीमित न रहकर समाज की सबसे अंतिम कतार में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इस अवसर पर महावीर सिन्हा, भारती साहू पार्षद, ललित माणेक, धन्नू यादव, वंशु सिन्हा, दीपांशु साहू, लालू त्रिवेदी, विनय साहू, जगतू साहू, काशीराम यादव, रोहन सिन्हा समेत वार्ड के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात राष्ट्रीय चेतना का माध्यम है : रामू



- महापौर ने मुड़पार में ग्रामीणों के साथ 124वां एपिसोड देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम मन की बात के 124वें एपिसोड को सुनने नगर निगम महापौर रामू रोहरा ग्राम मुड़पार पहुंचे। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह पूरे देश को जोड़ने वाला संवाद है। इसमें छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के दूरस्थ गांवों तक की प्रेरणादायक कहानियां सामने आती हैं। यह कार्यक्रम जनभागीदारी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करता है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, सरपंच दशोदा यादव, निर्भय यादव, पंचराम यादव, सुखराम यादव बूथ अध्यक्ष, मकसूदन यादव, मनोज सिन्हा, तीजूराम सिन्हा, रमेश विश्वकर्मा, राधेश्याम साहू, मनोहर ध्रुव, गोपाल सिन्हा, मिलापा निषाद, सरोज यादव, कमलेश्वरी निषाद, सरोजनी यादव, फुलेश्वरी निषाद, गणेश्वरी निषाद, निर्मला ध्रुव, पार्वती यादव, भोमेश्वरी निषाद, गैंदलाल धीमर, रामनाथ ध्रुव, धनुषराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। गंगरेल मंडल के मन की बात के संयोजक जागेन्द्र साहू के समन्वय से यह कार्यक्रम हुआ।

## बिजनेस साइट

## सुमीत बाजार में भारी छूट सिर्फ 31 जुलाई तक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुमीत बाजार में चल रही UP TO 50% OFF की विशेष छूट अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। मेंस वियर एवं साड़ियों पर मिल रही यह विशेष छूट सिर्फ 31 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। ऐसे में खरीदारी के इच्छुक ग्राहकों के पास अब केवल 4 दिन का समय शेष है।

ग्राहकों द्वारा इस सेल को जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। खरीदारी का उत्साह सुमीत बाज़ार के सभी ब्रांच में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पारंपरिक से लेकर वेस्टर्न परिधानों तक सभी वर्ग के लिए विशेष छूट का लाभ उठाया जा रहा है। सुमीत बाजार ने हमेशा की तरह इस बार भी कुछ नया पेश करने का प्रयास किया है और उसे ग्राहकों से भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। चप्पे-चप्पे में फैली इसकी शाखाओं में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सुमीत बाजार प्रबंधन ने ग्राहकों से अपील की है कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं, क्योंकि छूट की यह पेशकश सिर्फ 31 जुलाई तक ही मान्य है।

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
29 जुलाई दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
30 जुलाई दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
थायराइड, शुगर, बी. पी, नशों में दर्द, घुटना दर्द, PCOD, माइग्रेन, मूत्र रोग।
स्त्री रोगो की संपूर्ण चिकित्सा
दाद, खुजली (Fungal Infection), बाल एवं नाखून रोग क्या आपके बाल झड़ते है? (कंघी करते समय, गुच्छे के रूप में) डेन्ड्रफ, खुजली। मुहासे (Pimple), झाई, कालापन।
माइग्रेन (सिरदर्द) धूप पर जाने पर ज्यादा दर्द, सुस्ती कमजोरी थकान, चक्कर।
PCOD महीना अच्छे से न आना।
Leucorrhoea (सफेद पानी)
गठियावात एवं न्यूरोपैथी नशो में दबाव के कारण दर्द, अकड़न, झुनझुनी (सयाटिका, स्लिप डिस्क, लकवा, घुटना दर्द)
मूत्र रोग पेशाब करते समय जलन, दर्द, खुजली, छाले।
पेट एवं गुदा रोग गैस, एसिडिटी, पेट फूलना, (GERD) पेट साफ न होना।
पाईल्स, भगन्दर, फिशर की क्षारसूत्र चिकित्सा
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर स्पेशल ट्रेन
04 नवंबर से 10 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दंतरोग का इलाज

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक धमतरी, मो.नं. 98264-32896

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेश्वर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020